प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्य समाचार

राज्य में दूसरे चरण के मतदान के बाद स्ट्रांग रुम में इवीएम जमा करने का सिलसिला जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि अच्छी तरह जांच–पड़ताल के बाद इवीएम को जमा कराया जा रहा है। श्री कुमार ने यह भी बताया कि स्ट्रांग रूम के आसपास त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है और सीसीटीवी कैमरों से सभी तरह की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

********************

दूसरे और अंतिम चरण में 38 विधानसभा सीटों के लिए हुए मतदान में 68 दशमलव चार पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस चरण में 21 ऐसी सीटें रहीं, जहां रिकॉर्ड सत्तर प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई। वहीं, दस सीटों पर 65 से 70 प्रतिशत, चार सीटों पर 60 से 65 तथा तीन सीटों पर 52 से 55 फीसदी के बीच मतदान हुआ। नाला सीट के लिए सबसे ज्यादा अस्सी दशमलव तीन प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किए, जबकि बोकारो में सबसे कम बावन प्रतिशत के लगभग मतदान हुआ।

********************

एनडीए और इंडिया ब्लॉक द्वारा चुनाव में अपनी–अपनी जीत के दावे किए जा रहे हैं। भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि राज्य में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी।

उधर, लोजपा–रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी कहा है कि झारखंड में जनता ने परिवर्तन का जनादेश दिया है।

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय का दावा है कि राज्य में हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में एक बार फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने भी कहा है कि जनता ने राज्य में महागठबंधन की सरकार बनाने का आदेश दे दिया है।

आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के बाद अब चुनाव आयोग 23 नवंबर को होने वाली मतगणना की तैयारियों में जुट गया है। मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। चुनाव आयोग के अनुसार सुबह आठ बजे से मतों की गिनती की जाएगी। गिरिडीह जिले की छह विधानसभा सीटों के लिए मतगणना गिरिडीह स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति में होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने बताया कि मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

हजारीबाग के गोरहर थाना क्षेत्र में आज सवेरे एक यात्री बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से छह यात्रियों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हैं। घायलों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग और रांची भेजा गया है। यात्री बस कोलकाता से पटना की ओर जा रही थी।

********************

धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम ने बायोमास अपशिष्ट के इस्तेमाल से ईंधन के निर्माण के लिए बेंगलुरु की कंपनी सेंट्रा वर्ल्ड के साथ एक करार किया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*******************

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए ट्रैफिक और पॉवर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण खड़गपुर  हटिया खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 24 नवंबर को रद्द कर दी गयी है। यह जानकारी दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारी ने दी है।

*******समाप्त*******